कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 10-07-2024

विषयः- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल व जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस0 राजलिंगम द्वारा आगामी मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की गयी।**

- **कोई नई परंपरा शुरु न करें, अन्यथा होगी कठोर कार्यवाही**
- **जूलूस मे सहयोग ,भीड़ नियंत्रण व अव्यवस्था से निपटने के लिये हो 20-20 वॉलेंटियर**
- **ताजिया जूलूस के साथ रहेगें पर्याप्त पुलिस बल**
- **ताजिया का आकार पूर्व निर्धारित व परंपरानुसार हो**
- **निर्धारित मार्ग से ही निकलेंगे ताजिया जूलूस**
- **ताजिया जूलूसों पर ड्रोन व वीडियोग्राफी से रखी जायेगी नजर**
- **सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर है कड़ी नजर**
- **संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगी क्यू.आर.टी., अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही**
- **यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी होगा रुट डायवर्जन**
- **विभिन्न समुदाय के मध्य आपसी सौहार्द्र व सहिष्णुता बनाये रखने की अपील की गयी**

आज दिनांक 10-07-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल व जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस0 राजलिंगम द्वारा आगामी मोहर्रम त्यौहर के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की गयी जहां मौजूद विभिन्न समुदाय के धर्म गुरुओं, ताजियादारो,विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से ताजिया के आकार, जूलूस के मार्ग और जूलूस के साथ रहने वाले वालंटियर्स की भूमिकाओ पर विस्तृत चर्चा करते हुये सौहार्द्रपूर्ण व शान्तिपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाने की अपील की गयी। आमजन को अफवाह व भ्रामक सूचनाओं से बचने हेतु जागरूक किया गया साथ ही पर्व के दृष्टिगत समस्याओं की जानकारी की गयी व उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस0 चन्नप्पा सहित समस्त पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त , अपर जिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट समेत नगर निगम, विद्युत, जलकल, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।